Exercise-1

Marked Questions can be used as Revision Questions.
चिन्हित प्रश्न दोहराने योग्य प्रश्न है।

PART - I : SUBJECTIVE QUESTIONS

भाग - I : विषयात्मक प्रश्न (SUBJECTIVE QUESTIONS)

Section (A) : Calculation OF centre of mass द्रव्यमान केन्द्र की गणना

A-1. Three particles of mass 1 kg, 2 kg and 3 kg are placed at the corners A, B and C respectively of an equilateral triangle ABC of edge 1 m. Find the distance of their centre of mass from A.
तीन कण जिनका द्रव्यमान 1 kg, 2 kg तथा 3 kg है, एक समबाहु त्रिभुज ABC के तीन कोनों A, B तथा C पर क्रमशः रखे है तथा इसकी भुजा की लम्बाई 1 m है। A से इसके द्रव्यमान केन्द्र की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans. $\frac{\sqrt{19}}{6}$ m

Sol.



$$x_{cm} = \frac{1\times 0+2\times 1+3\times 1\ \cos 60}{1+2+3} = \frac{7}{12}$$

$$y_{cm} = \frac{1\times 0+2\times 0+3\times 1\sin 60}{6} = \frac{3\sqrt{3}}{12} = \frac{\sqrt{3}}{4}$$

$$r = \sqrt{\left(\frac{7}{12}\right)^2+\left(\frac{\sqrt{3}}{4}\right)^2} = \sqrt{\frac{49}{144}+\frac{3}{16}} = \sqrt{\frac{76}{144}} = \frac{2\sqrt{19}}{12} = \frac{\sqrt{19}}{6}\ \text{m}$$

A-2.# A square plate of edge 'a' and a circular disc of same diameter are placed touching each other at the midpoint of an edge of the plate as shown in figure. If mass per unit area for the two plates are same then find the distance of centre of mass of the system from the centre of the disc.
एक वर्गाकार 'a' भुजा की प्लेट तथा समान व्यास की वृत्तीय चकती को एक दूसरे से प्लेट के मध्य बिन्दु पर स्पर्श करते हुये चित्रानुसार रखते है। यदि दोनो प्लेटो का प्रति एकांक क्षेत्रफल द्रव्यमान समान है, तो चकती के केन्द्र से निकाय के द्रव्यमान केन्द्र की दूरी बताइये।



Ans. $\frac{4a}{(4+\pi)}$ right of the disc centre

चकती के केन्द्र से दांयी ओर $\frac{4a}{(4+\pi)}$

Sol.



Let areal density is ρ
माना पृष्ठीय घनत्व ρ है

$M_C = \pi\left(\frac{a}{2}\right)^2 \times \rho$ $\quad M_S = a^2 \times \rho$ $\quad x_S = a$ $\quad X_C = 0$

$$X_{cm} = \frac{\rho a^2(a)}{\rho\frac{\pi a^2}{4} + \rho a^2} \qquad \frac{4a}{(4+\pi)}$$

right of the disc centre चकती के केन्द्र से दांयी ओर

A-3.# Find the position of centre of mass of the uniform planner sheet shown in figure with respect to the origin (O)
चित्र में प्रदर्शित एक समान प्लेट की मूल बिन्दु (O) के सापेक्ष द्रव्यमान केन्द्र की स्थिति बताइये।



Ans. (5a/6, 5a/6)

Sol.



$$\frac{3}{4}A_1 = M,\ A = \frac{4}{3}M$$

$$x_{cm} = \frac{x_1m_1 + x_2m_2}{m_1 + m2} = \frac{a\times\left(\frac{4}{3}M\right) + \frac{3a}{2}(-M/3)}{M} = \frac{4a}{3} + \frac{-a}{2}$$

$$x_{cm} = \left(\frac{8-3}{3x2}\right)a = \frac{5}{6}a$$

Similarly इसी प्रकार ; $y_{cm} = \frac{5}{6}a$ **Ans.**

A-4.# Five homogeneous bricks, each of length L, are arranged as shown in figure. Each brick is displaced with respect to the one in contact by L/5. Find the x-coordinate of the centre of mass relative to the origin O shown.
पाँच समान ईंटें प्रत्येक की लम्बाई L,को चित्रानुसार व्यवस्थित किया गया है। प्रत्येक ईंट को इसके सम्पर्क वाली ईंट के सापेक्ष L/5 से विस्थापित किया गया है। बिन्दु O के सापेक्ष द्रव्यमान केन्द्र का x-निर्देशांक ज्ञात करिये।



Ans. $\frac{33L}{50}$

Sol.



COM of brick 1 and 5 $\rightarrow \frac{L}{2}$ 1 व 5 ईट का द्रव्यमान केन्द्र $\rightarrow \frac{L}{2}$

COM of brick 2 and 4 $\rightarrow \frac{L}{2} + \frac{L}{5}$ 2 व 4 ईट का द्रव्यमान केन्द्र $\rightarrow \frac{L}{2} + \frac{L}{5}$

COM of brick 3 $\rightarrow \frac{L}{2} + \frac{2L}{5}$ 3 ईट का द्रव्यमान केन्द्र $\rightarrow \frac{L}{2} + \frac{2L}{5}$

$$X_{cm} = \frac{2m\ \frac{L}{2} + 2m\ \left(\frac{L}{2}+\frac{L}{5}\right) + m\ \left(\frac{L}{2}+\frac{2L}{5}\right)}{5m} = \frac{33L}{50}$$

A-5. A uniform disc of radius R is put over another uniform disc of radius 2R made of same material having same thickness. The peripheries of the two discs touches each other. Locate the centre of mass of the system taking center of large disc at origin.

R त्रिज्या की समरूप चकती को समान पदार्थ तथा समान मोटाई की 2R त्रिज्या वाली दूसरी समरूप चकती पर रखते है। दोनों चकतियों की परिधि एक दूसरे को स्पर्श करती है। बड़ी चकती के केन्द्र को मूल बिन्दु मानते हुये निकाय के द्रव्यमान केन्द्र की स्थिति बताइये।

Ans. At R/5 from the centre of the bigger disc towards the centre of the smaller disk.

बड़ी चकती के केन्द्र से R/5 दूरी पर छोटी चकती के केन्द्र की तरफ।

Sol.



$M_1 = \pi (2R)^2 \times \rho$ $M_2 = \pi (R)^2 \times \rho$ $x_1 = 0,\ x_2 = R$

So इसलिए $X_{cm} = \frac{m_1x_1 + m_2x_2}{m_1 + m_2}$, $X_{cm} = \frac{4\pi R^2\rho \times 0 + \pi R^2\rho \times R}{4\pi R^2 \times \rho + \pi R^2 \times \rho} = \frac{R}{5}$

towards smaller disc छोटी चकती की और

A-6. The linear mass density of a straight rod of length L varies as $\rho = A + Bx$ where x is the distance from the left end. Locate the center of mass from left end.

L लम्बाई की सीधी छड़ का घनत्व सम्बन्ध $\rho = A + Bx$ है। यहाँ x, बांये सिरे से दूरी है। द्रव्यमान केन्द्र की स्थिति बताइये।

Answer : $\frac{3AL + 2BL^2}{3(2A + BL)}$

Solution : Let take a strip of width `dx` at distance x from one end.
dm = mass of `dx` strip = f dx
dm = (A+Bx)dx .....(1)

By definition $X_{com} = \frac{\int_O^L xdm}{\int_O^L dm}$



from eq (1) $\Rightarrow X_{com} = \frac{\int_O^L x(A+Bx)dx}{\int_O^L (A+Bx)dx} = \frac{\int_O^L (Ax+Bx^2)dx}{\int_O^L (A+Bx)dx} = \frac{\frac{AL^2}{2}+\frac{BL^3}{3}}{AL+\frac{BL^2}{2}} = \frac{3AL+2BL^2}{3(2A+BL)}$ **Ans.**

माना एक सीरे से x-दूरी पर `dx` चौड़ाई का एक अल्पांश लेने पर -
dm = अल्पांश `dx` का द्रव्यमान = P dx
dm = (A+Bx)dx .....(1)

परिभाषा से $X_{com} = \frac{\int_O^L xdm}{\int_O^L dm}$



समीकरण (1) से $\Rightarrow X_{com} = \frac{\int_O^L x(A+Bx)dx}{\int_O^L (A+Bx)dx} = \frac{\int_O^L (Ax+Bx^2)dx}{\int_O^L (A+Bx)dx} = \frac{\frac{AL^2}{2}+\frac{BL^3}{3}}{AL+\frac{BL^2}{2}} = \frac{3AL+2BL^2}{3(2A+BL)}$ **Ans.**

A-7. A disc of radius R is cut out from a larger uniform disc of radius 2R in such a way that the edge of the hole touches the edge of the disc. Locate the centre of mass of **remaining** part.
एक 2R त्रिज्या की बडी समरूप चकती से R त्रिज्या की चकती को इस तरह से काटा जाता है कि छिद्र का किनारा चकती के किनारे को स्पर्श करें। चकती के शेष भाग के द्रव्यमान केन्द्र की स्थिति बताइये।

Ans. At R/3 from the centre of the original disc away from the centre of the hole.
मूल चकती के केन्द्र से R/3 दूरी पर, छिद्र के केन्द्र से दूसरी ओर

Sol. Let areal density of disc is ρ. and COM of shaded part is X.
माना चकती का क्षेत्रीय घनत्व ρ व छायांकित भाग का COM, X पर है।

$$X_{CM} = \frac{\rho\pi[(2R)^2-(R)^2]x+\rho\pi R^2 R}{\rho\pi[(2R)^2-(R)^2]+\rho\pi R^2} = 0$$



$X_{CM} = O = \frac{3x+R}{4}$ $\quad x = -\frac{R}{3}$

–ve sign means x is toward left of centre.
–ve चिन्ह दर्शाता है कि x केन्द्र के बांयी ओर है।

A-8. **#** Find the centre of mass of an annular half disc shown in figure.
चित्र में प्रदर्शित अर्द्ध वलय का द्रव्यमान केन्द्र ज्ञात कीजिए।



Ans. $\frac{4(R_2^3 - R_1^3)}{3\pi(R_2^2 - R_1^2)}$

Sol. Let ρ be the mass per unit area of the object. To find its centre of mass we consider an element as a half ring of mass dm as shown in figure of radius r and width dr and there we have
माना पिण्ड का प्रति एकांक क्षेत्रफल द्रव्यमान ρ हैं। इसके द्रव्यमान केन्द्र को ज्ञात करने के लिए चित्रानुसार dm द्रव्यमान की व r त्रिज्या व dr चौडाई का भाग अर्धवलय के रूप में लेते है।

Now अब $dm = \rho\pi r\, dr$

Centre of mass of this half ring will be at $\left(0, \frac{2r}{\pi}\right)$



इस अर्द्ध वलय का द्रव्यमान केन्द्र $\left(0, \frac{2r}{\pi}\right)$ पर होगा

$$y_{cm} = \frac{1}{M}\int_{R_1}^{R_2} (\rho.\pi r dr).\frac{2r}{\pi}$$

$$y_{cm} = \frac{2\rho}{\rho\frac{\pi}{2}(R_2^2 - R_1^2)}\int_{R_1}^{R_2} r^2 dr = \frac{4(R_2^3 - R_1^3)}{3\pi(R_2^2 - R_1^2)}$$

Alternative Solution : वैकल्पिक हल :
We can also find the centre of mass of this object by considering it to be complete half disc of radius R_2 and a smaller half disc of radius R_1 cut from it. If y_{cm} be the centre of mass of this disc we have from the mass moments.
इस पिण्ड का द्रव्यमान ज्ञात करने के लिए R_2 त्रिज्या की पूर्ण अर्द्ध चकती में से R_1 त्रिज्या की पूर्ण अर्द्ध चकती काट कर निकाली हुई मानी जा सकती है। यदि y_{cm} इस चकती का द्रव्यमान केन्द्र है तो द्रव्यमान आघूर्ण से

$$\left(\rho.\frac{\pi R_1^2}{2}\right)\times\left(\frac{4R_1}{3\pi}\right)+\left(\rho.\frac{\pi}{2}(R_2^2 - R_1^2)\right)(y_{cm}) = \left(\rho\cdot\frac{\pi R_2^2}{2}\right)\times\left(\frac{4R_2}{3\pi}\right)$$

Section (B) : motion OF centre of mass द्रव्यमान केन्द्र की गति

B-1. **#** Calculate the velocity of the centre of mass of the system of particle shown in figure.
चित्र में दिखाये कण निकाय के द्रव्यमान केन्द्र का वेग ज्ञात कीजिए।



Ans. $\sqrt{0.65}$ m/s at an angle $\tan^{-1}\left(\frac{1}{8}\right)$ above the direction towards right.

दांयी दिशा से ऊपर की ओर $\tan^{-1}\left(\frac{1}{8}\right)$ कोण पर $\sqrt{0.65}$ m/s

B-2. Two blocks of masses 10 kg and 30 kg are placed along a vertical line. The first block is raised through a height of 7 cm. By what distance should the second mass be moved to raise the centre of mass by 1 cm ?
10 kg तथा 30 kg द्रव्यमान के दो ब्लॉक ऊर्ध्वाधर रेखा के अनुदिश रखे है। पहले द्रव्यमान को 7 cm ऊँचाई तक उठाते है। द्रव्यमान केन्द्र को 1 cm ऊपर उठाने के लिए दूसरे द्रव्यमान को कितनी दूरी तक चलाना चाहिए ?

Ans. 1 cm downward. 1 cm नीचे की ओर।

Sol. $1 = \frac{10\times 7 + 30\times \Delta x}{40}$ get प्राप्त करे $\Delta x = -1$ cm

B-3. A projectile is fired from a gun at an angle of 45º with the horizontal and with a speed of 20 m/s relative to ground. At the highest point in its flight the projectile explodes into two fragments of equal mass. One fragment comes at rest just after explosion. How far from the gun does the other fragment land, assuming a horizontal ground ? and also find its speed just after explosion. Take g = 10 m/s^2
एक कण को क्षैतिज से 45º कोण पर धरातल के सापेक्ष 20 m/s वेग से बन्दूक से प्रक्षेपित किया जाता है। अपनी उड़ान की अधिकतम ऊँचाई पर कण, दो समान द्रव्यमान में विस्फोटित हो जाता है। विस्फोट के ठीक पश्चात एक भाग विराम अवस्था पर आ जाता है। दूसरा भाग बन्दूक से कितनी दूरी पर गिरेगा तथा विस्फोट के ठिक बाद उसकी चाल ज्ञात किजिए। धरातल क्षैतिज मानिये, तथा g = 10 m/s^2 है।

Ans. **60m,** $20\sqrt{2}\text{m/s}$

Sol. $X_{cm} = \frac{2u^2\sin\theta\cos\theta}{g} = \frac{2\times 20\times 20\times \frac{1}{\sqrt{2}}\times\frac{1}{\sqrt{2}}}{10} = 40$ m.

$x_1 = \frac{40}{2} = 20$ m $\Rightarrow$ $x_{cm} = \frac{m_1x_1 + m_2x_2}{m_1+m_2}$ $\Rightarrow$ $40 = \frac{m\times 20 + m\times x_2}{2m}$ get $x_2 = 60$ m

B-4. A mercury thermometer is placed in a gravity free hall without touching anything. As temperature rises mercury expands and ascend in thermometer. If height ascend by mercury in thermometer is h then by what height centre of mass of " mercury and thermometer" system descend?
गुरूत्व मुक्त क्षेत्र में बिना किसी अन्य वस्तु के सम्पर्क में आये एक पारा तापमापी स्थित है। ताप बढाने पर पारा प्रसारित होता है, व ताप मापी में चढता है। यदि तापमापी में पारे द्वारा चढी ऊँचाई h है तो, "पारा तथा ताप मापी" निकाय का द्रव्यमान केन्द्र कितनी ऊँचाई से नीचे गिर जायेगा।

Ans. zero शून्य

Sol. since it is gravity fee space com will remain at its fixed position.
चूंकि गुरूत्वविहीन जगह है अतः com स्थिर रहेगा।

B-5. Two men 'A' and 'B' are standing on opposite edge of a 6m long platform which is further kept on a smooth floor. They starts moving towards each other and finally meet at the midpoint of platform. Find the displacement of platform if mass of A, B and platform are 40kg, 60kg and 50kg respectively.
चिकनी क्षैतिज पृष्ठ पर स्थित 6m लम्बे पट्टे के दोनो सिरों पर दो व्यक्ति A व B खड़े है। वे दोनो एक दुसरे की ओर चलना शुरू करते है, ओर पट्टे के मध्य बिन्दु पर मिलते है। यदि A, B तथा प्लेट के द्रव्यमान क्रमशः 40kg, 60kg तथा 50kg है, तो पट्टे का विस्थापन ज्ञात करिये।

Ans. 0.4 m

Sol. $X_{CM} = \frac{40\left(\frac{\ell}{2}+x\right) - 60\left(\frac{\ell}{2}-x\right) + 50x}{40+50+60} = 0$

$150x = 10\ell$

$x = \frac{\ell}{15} = 0.4$ m

B-6# A man of mass M hanging with a light rope which is connected with a balloon of mass m. The system is at rest and equilibrium in air. When man rises a distance h with respect to balloon Find.
(a) The distance raised by man
(b) The distance descended by balloon
M द्रव्यमान का व्यक्ति, हल्की रस्सी द्वारा m द्रव्यमान के गुब्बारे से लटक रहा है। निकाय हवा में स्थिर तथा साम्यावस्था में है। जब व्यक्ति गुब्बारे के सापेक्ष h दूरी उठता है, तो ज्ञात कीजिए।
(a) व्यक्ति द्वारा चढी ऊँचाई।
(b) गुब्बारे द्वारा उतरी गई दूरी।



Ans. (a) $\frac{mh}{m+M}$ (b) $\frac{Mh}{m+M}$

Sol. initially प्रारम्भ में $Y_{com} = \frac{Mh}{M+m}$

since no external force is acting ∴ COM should be at rest.
क्योकि बाह्य बल कार्यरत नही है इसलिए द्रव्यमान केन्द्र विराम में होगा।

$\Delta y_{CM} = \frac{m_1y_1 + m_2y_2}{m_1 + m_2}$

Let baloon descend by a distance x. माना गुब्बारा x दूरी नीचे उतरता है।

$0 = \frac{m(x) + M(x-h)}{m+M}$

$Mh = (m + M)\, x$

$x = \frac{Mh}{m+M}$ (Distance decend by ballon गुब्बारे द्वारा उतरी गई दूरी)

$h - x = \frac{mh}{m+M}$ (Distance raised by man व्यक्ति द्वारा चढ़ी गई दूरी)

Section (C) : Conservation of linear momentum रेखीय संवेग संरक्षण

C-1. A block moving horizontally on a smooth surface with a speed of 20 m/s bursts into two equal parts continuing in the same direction. If one of the parts moves at 30 m/s, with what speed does the second part move and what is the fractional change in the kinetic energy of the system.

Solution :

initialy finaly

m → 20 m/2 → V m/2 → 30

Applying momentum conservation ;

$m \times 20 = \frac{m}{2} V + \frac{m}{2} \times 30 \quad \Rightarrow \quad 20 = \frac{V}{2} + 15$

So, V = 10 m/s

initial kinetic energy = $\frac{1}{2}\, m \times (20)^2 = 200\, m$

final kinetic energy = $\frac{1}{2} \cdot \frac{m}{2} \cdot (10)^2 + \frac{1}{2} \times \frac{m}{2}\, (30)^2 = 25\, m + 225\, m = 250\, m$

fractional change in kinetic energy = $\frac{(\text{final K. E}) - (\text{initial K. E})}{\text{initial K.E}} = \frac{250m - 200m}{200m} = \frac{1}{4}$

एक ब्लॉक चिकनी सतह पर 20 मी०/सैकण्ड़ के वेग से क्षैतिज दिशा में गति कर रहा है। यह अचानक दो समान भागों में विभक्त हो जाता है तथा विभक्त होने के बाद भी दोनों भाग यह उसी दिशा में गति करते रहते है। उनमें से एक भाग 30 मी०/सैकण्ड़, की चाल से गति करता है तो दूसरे भाग की चाल तथा गतिज ऊर्जा में भिन्नात्मक परिवर्तन ज्ञात करो ?

Answer : $v = 10$ m/s, $\frac{1}{4}$

Solution :



संवेग संरक्षण लगाने पर :

$m \times 20 = \frac{m}{2} V + \frac{m}{2} \times 30 \quad 20 = \frac{V}{2} + 15 \quad \frac{V}{2} = 5 \quad V = 10$ m/s

प्रारम्भिक गतिज ऊर्जा $= \frac{1}{2} m \times (20)^2 = 200\,m$ अन्तिम गतिज ऊर्जा $= \frac{1}{2} . \frac{m}{2} . (10)^2 + \frac{1}{2} \times \frac{m}{2} (30)^2$

$= 25\,m + 225\,m = 250\,m$

गतिज ऊर्जा में आंशिक परिवर्तन $= \frac{(\text{अंतिम K. E.}) - (\text{प्रारम्भिक K. E.})}{\text{प्रारम्भिक K.E.}}$

$= \frac{250m - 200m}{200m} = \frac{1}{4}$

C-2. A stone of mass 5 kg is thrown upwards with a speed of 36 m/sec. With what speed earth recoil. Mass of the earths 6×10^{24} kg (assuming that there is no external force on the system)
यदि 5 kg द्रव्यमान का पत्थर ऊपर की ओर 36 m/sec चाल से फेका जाये तो पृथ्वी की प्रतिक्षेप चाल क्या होगी। पृथ्वी का द्रव्यमान 6×10^{24} kg है। (यह मानते हुए कि निकाय पर बाह्य परिणामी बल शून्य है)
Ans. 3.0×10^{-23} m/s
Sol. $5 \times 36 = 6 \times 10^{24}\, v$
$v = 30 \times 10^{-24}$

C-3. In a process a neutron which is initially at rest, decays into a proton, an electron and an antineutrino. The ejected electron has a momentum of p_1 and the antineutrino has p_2 . Find the recoil speed of the proton if the electron and the antineutrino are ejected (a) along the same direction. (b) in mutually perpendicular directions. (Mass of the proton = m_p)
किसी प्रक्रिया में प्रारम्भ में विरामावस्था में स्थित न्यूट्रॉन, प्रोटॉन, इलेक्ट्रॉन एवं एक एन्टी न्यूट्रिनों में क्षयित होता है। उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन का संवेग p_1 तथा एन्टी–न्यूट्रिनों का संवेग p_2 है। प्रोटॉन का प्रतिक्षेप चाल निम्न दो स्थितियों में ज्ञात कीजिए– (प्रोटॉन का द्रव्यमान = m_p)
(a) यदि इलेक्ट्रॉन तथा एन्टी न्यूट्रिनों एक ही दिशा में उत्सर्जित होते है तथा
(b) यदि वे परस्पर लम्बवत् दिशा में उत्सर्जित होते है।

Ans. (a) $\frac{p_1 + p_2}{m_p}$ (b) $\frac{\sqrt{p_1^2 + p_2^2}}{m_p}$

Sol. (a) $P_1 + P_2 + P_3 = 0 \qquad P_3 = -(p_1 + p_2)$

$\therefore V_3 = \frac{p_1 + p_2}{m_p}$

(b)

$\vec{P}_p = -(\vec{P}_e + \vec{P}_{an}) = -(P_1 \hat{i} + P_2 \hat{j})$

$V_p = \frac{|\vec{P}_p|}{m_p} = \frac{\sqrt{p_1^2 + p_2^2}}{m_p}$

C-4. Three particles of mass 20 g, 30 g and 40 g are initially moving along the positive direction of the three coordinate axes x, y and z respectively with the same velocity of 20 cm/s. If due to their mutual interaction, the first particle comes to rest, the second acquires a velocity $10\hat{i}+20\hat{k}$. What is the velocity (in cm/s) of the third particle?
20 g, 30 g तथा 40 g के तीन कण प्रारम्भ में निर्देशांक अक्षों की तीनों अक्षों क्रमशः x, y तथा z के धनात्मक दिशा के अनुदिश 20 cm/s के वेग से गति कर रहे है। यदि इनकी परस्पर अन्योय क्रिया के कारण, पहला विरामावस्था में आ जाता है, दूसरे का वेग $10\hat{i}+20\hat{k}$ हो जाता है तो तीसरे कण का वेग (cm/s में) क्या होगा ?

Ans: $2.5\hat{i}+15\hat{j}+5\hat{k}$

Sol. $P_1 = 20 \times 20\,\hat{i}$ $P_3 = 40 \times 20\,\hat{k}$

$P_2 = 30 \times 20\,\hat{j}$

$P_i = P_1 + P_2 + P_3 = P_f$

$\Rightarrow 400i + 600\,\hat{j} + 800\,\hat{k} = 30\,(10i + 20\,\hat{k}) + 40v$

get प्राप्त होता है $v = \dfrac{100i+600\hat{j}+200\hat{k}}{40}$

$= 2.5\,\hat{i} + 15\,\hat{j} + 5\,\hat{k}$ **Ans.**

C-5. A truck of mass M is at rest on a frictionless road. When a monkey of mass m starts moving on the truck in forward direction, the truck recoils with a speed v backward on the road, with what velocity is the monkey moving with respect to truck?
एक M द्रव्यमान का ट्रक घर्षण हीन सडक पर विरामावस्था में है, जब एक m द्रव्यमान का बन्दर ट्रक पर आगे की ओर चलना प्रारम्भ करता है, तो ट्रक सडक पर पीछे की दिशा में v चाल से प्रतिक्षिप्त होता है, तो बन्दर ट्रक के सापेक्ष किस वेग से गति कर रहा है।

Ans. $\left(1+\dfrac{M}{m}\right)$ v

Sol. $P_i = 0$

$P_f = -mv_m + M \times v$ $\quad \therefore P_i = P_f$

$v_m = \dfrac{Mv}{m}$

$v_{app} = v_m + v = \dfrac{Mv}{m} + v$

C-6. A boy of mass 60 kg is standing over a platform of mass 40 kg placed over a smooth horizontal surface. He throws a stone of mass 1 kg with velocity v = 10 m/s at an angle of 45º with respect to the ground. Find the displacement of the platform (with boy) on the horizontal surface when the stone lands on the ground. ($g = 10\ m/s^2$)
एक 60 kg द्रव्यमान का लड़का, 40 kg द्रव्यमान वाले प्लेट फार्म पर खड़ा हुआ है, जो चिकने क्षैतिज धरातल पर रखा है। वह धरातल के सापेक्ष 1 kg द्रव्यमान वाले पत्थर को v = 10 m/s के वेग से धरातल से 45º के कोण पर फेंकता है। जब पत्थर धरातल पर गिरता है, उस समय तक प्लेटफार्म (लडके के साथ) का विस्थापन ज्ञात करिए। ($g = 10\ m/s^2$)

Ans : 10cm.

Sol.



So, $m_s \times R = (40 + 60) \times x$

$\dfrac{1\times 2u^2 \sin\theta\cos\theta}{g} = 100\ x$ $\qquad$ get x = 0.1 m

C-7. **#** A small block of mass m moving with speed 'V' on a smooth horizontal part of a bigger block of mass M which is further kept on smooth floor. The curved part of the surface shown is one fourth of a circle. Find the speed of the bigger block when the smaller block reaches the point A of the surface.
M द्रव्यमान के एक बडे ब्लॉक के क्षैतिज चिकने भाग पर m द्रव्यमान का एक छोटा ब्लॉक 'V' चाल से गति कर रहा है। यह पूरा निकाय चिकने पृष्ठ पर रखा हुआ है। दर्शाया हुआ वक्रिय पृष्ठ, वृत्त का चतुर्थांश है। जब छोटा ब्लॉक पृष्ठ के बिन्दु A पर पहुँचता है, तब बडे ब्लॉक की चाल बताइये।



Ans. $\frac{mv}{M+m}$

Sol. $mv = (M+m)\, V_{cm}$

$V_{cm} = \frac{mv}{M+m}$ **Ans.**

Section (D) : spring - mass system स्प्रिंग द्रव्यमान निकाय

D-1. **#** Two block of masses m_1 and m_2 are connected with the help of a spring of spring constant k initially the spring in its natural length as shown. A sharp impulse is given to mass m_2 so that it acquires a velocity v_0 towards right. If the system is kept on smooth floor then find (a) the velocity of the centre of mass, (b) the maximum elongation that the spring will suffer **?**
चित्रानुसार दो ब्लॉक जिनके द्रव्यमान m_1 तथा m_2 है, को k स्प्रिंग नियतांक वाली प्रारम्भ में प्राकृत लम्बाई की स्प्रिंग के सिरों पर जोड़ा जाता है। m_2 को एक तीव्र आवेग दिया जाता है ताकि यह दांयी ओर v_0 वेग प्राप्त करता है। यदि इस निकाय को चिकनी सतह पर रखा जाये तो ज्ञात करे– (a) द्रव्यमान केन्द्र का वेग, (b) स्प्रिंग में उत्पन्न होने वाला अधिकतम प्रसार।



Ans. (a) $\frac{m_2\ v_0}{m_1+m_2}$ (b) $v_0\left[\frac{m_1\ m_2}{(m_1+m_2)\ k}\right]^{1/2}$

Sol.

$x_{cm} = \frac{m_1x_1+m_2x_2}{m_1+m_2}$

$\frac{dx_{cm}}{dt} = V_{cm} = \frac{m_1v_1+m_2v_2}{m_1+m_2}$

$V_{cm} = \frac{0+m_2v_0}{m_1+m_2}$ **Ans.**

$F = 0$; p = constant नियतांक

$m_2v_0 = (m_1+m_2)v$

& $\frac{1}{2}m_2v_0^2 = \frac{1}{2}\ m_1v^2 + \frac{1}{2}m_2v^2 + \frac{1}{2}k\,x_0^2$

$V_{cm} \rightarrow$ remain unchanged अपरिवर्तित रहता है।

$\therefore \frac{1}{2}\ m_2\ v_0^2 = \frac{1}{2}\ (m_1+m_2)\left(\frac{m_2v_0}{m_1+m_2}\right)^2 + \frac{1}{2}k\,x_0^2$

$m_2\ v_0^2\left[1-\frac{m_1+m_2}{(m_1+m_2)^2}\times m_2\right] = k\,x_0^2 \qquad \therefore\ m_2v_0^2\left[\frac{m_1+m_2-m_2}{m_1+m_2}\right] = k\,x_0^2$

$v_0^2\ \frac{m_1m_2}{m_1+m_2}\times\frac{1}{k} = x_0^2 \quad \Rightarrow x_0 = v_0\sqrt{\frac{m_1m_2}{k(m_1+m_2)}}$ **Ans.**

D-2. Two masses m_1 and m_2 are connected by a spring of spring constant k and are placed on a smooth horizontal surface. Initially the spring is stretched through a distance 'd' when the system is released from rest. Find the distance moved by the two masses when spring is compressed by a distance 'd'.
दो द्रव्यमान m_1 तथा m_2 एक स्प्रिंग से जुड़े हुए है, जिसका स्प्रिंग नियतांक k है, एवं इनको एक घर्षण रहित क्षैतिज सतह पर रखा गया है। प्रारम्भ में जब निकाय को स्थिरावस्था से छोड़ा जाता है, तब स्प्रिंग 'd' दूरी खिचीं हुई है। दोनों द्रव्यमानों द्वारा चली गई दूरी ज्ञात करिये, जब स्प्रिंग 'd' दूरी से संपीडित हो जाती है।

Ans. $\frac{2m_2d}{m_1+m_2}, \frac{2m_1d}{m_1+m_2}$

Sol.



Energy Conservation ऊर्जा संरक्षण से

$\Rightarrow$ Total change in length of spring स्प्रिंग की लम्बाई में कुल परिवर्तन $= 2x \quad \{ \therefore \frac{1}{2} kx^2_{ext} = \frac{1}{2} kx^2_{comp} \}$

Time is same समय समान है।

no external force $\therefore$ centre of mass is at rest
क्योकि बाह्य बल कार्यरत नही है इसलिए द्रव्यमान केन्द्र विराम में है।

hence अतः $m_1x_1 = m_2x_2 \quad \Rightarrow \frac{x_1}{x_2} = \frac{m_2}{m_1}$ & $x_1 + x_2 = 2d$

or, $m_1x_1 = m_2x_2$ & $x_1 + x_2 = 2d$

$x_1 = \frac{m_2x_2}{m_1} \quad \Rightarrow \quad \frac{m_2x_2}{m_1} + x_2 = 2d$

$x_2\left(\frac{m_2}{m_1}+1\right) = 2d \quad \Rightarrow \quad x_2\left(\frac{m_2+m_1}{m_1}\right) = 2d$

$x_2 = \frac{2dm_1}{m_1+m_2}$ & $x_1 = \frac{2dm_2}{m_1+m_2}$ **Ans.**

D-3. Two blocks A and B of mass m_A and m_B are connected together by means of a spring and are resting on a horizontal frictionless table. The blocks are then pulled apart so as to stretch the spring and then released. Show that the ratio of their kinetic energies at any instant is in the inverse ratio of their masses.
m_A तथा m_B द्रव्यमान वाले दो ब्लॉक A व B, स्प्रिंग से जुड़े हुये हैं जो घर्षणहीन क्षैतिज मेज पर रखे हैं। दोनों ब्लॉक को खींचकर, (ताकि स्प्रिंग खिंच जाए) छोड़ते है। यह सिद्ध कीजिए किसी भी क्षण ब्लॉकों की गतिज ऊर्जा का अनुपात उनके द्रव्यमानों के अनुपात के व्युत्क्रमानुपाती होगा।

Sol.



By momentum conservation संवेग सरंक्षण से

$m_AV_A = m_BV_A \quad$ (i) $\quad V_B = \frac{m_AV_A}{m_B}$

$K.E_A = \frac{P^2}{2m_A} = \frac{m_A^2V_A^2}{2m_A} = \frac{m_AV_A^2}{2}$ ...(i)

Similiarly इसी प्रकार $K.E_B = \frac{m_BV_B^2}{2}$ ...(iii)

dividing (ii) by (iii) we get. (ii) को (iii) से भाग देने पर

$\frac{K.E_A}{K.E_B} = \frac{m_A V_A^2}{m_B V_B^2}$

put प्रतिस्थापित करने पर $V_B = \frac{m_A V_A}{m_B}$

we get प्राप्त होगा $\frac{K.E_A}{K.E_B} = \frac{m_B}{m_A}$.

hence proved. इति सिद्धम

Section (E) : Impulse आवेग

E-1. Velocity of a particle of mass 2 kg varies with time t according to the equation $\vec{v} = (2t\hat{i} + 4\hat{j})m/s$. Here t is in seconds. Find the impulse imparted to the particle in the time interval from t = 0 to t = 2 s.
2 kg द्रव्यमान वाले ब्लॉक का वेग समय t के साथ समीकरण $\vec{v} = (2t\hat{i} + 4\hat{j})m/s$ के अनुसार बदलता है। यहाँ t सैकण्ड में है। समय अन्तराल t = 0 से t = 2 s में कण पर आरोपित आवेग बताइये।

Ans . $8\hat{i}\,m/s$

Sol. $v_{t=0} = 4\,\hat{j}$ m/secmass द्रव्यमान m = 2 kg

$v_{t=2} = 2 \times 2i + 4\,\hat{j} = 4i + 4\,\hat{j}$

$J = P_f - P_i = 2\,[4i + 4\,\hat{j} - 4\,\hat{j}] = 8i$ N-s.

E-2. A ball of mass 100 g moving with a speed of 4 m/sec strikes a horizontal surface at an angle of 30º from the surface. The ball is reflected back with same speed and same angle of reflection find (a) The impulse imparted to the ball (b) change in magnitude of momentum of the ball.
100 ग्राम द्रव्यमान की एक गेंद 4 मी०/सै० चाल से गति करती हुए एक क्षेतिज सतह से 30º कोण पर टकराती है। गेंद समान कोण पर एवं समान चाल से परावर्तित होती है। गणना कीजिए।
(a) गेंद को प्रदान आवेग (b) गेंद के संवेग के परिमाण मे परिवर्तन।

Ans. (a) 0.4 kg-m/s (b) zero शून्य

Sol. $P_i = 200 \times 10^{-3}\,(\sqrt{3}i - \hat{j})$

$P_f = 200 \times 10^{-3}\,(\sqrt{3}i + \hat{j})$

$|P_i| = |P_f|$

$\Delta P = |P_f| - |P_i| = 0$



$|\Delta P| = |P_f - P_i| = |(200 \times 10^{-3}\sqrt{3}\,i - 200 \times 10^{-3}\,\hat{j}) - (200 \times 10^{-3}\sqrt{3}\,i + 200 \times 10^{-3}\,\hat{j})|$

$|\Delta P| = |2 \times 200 \times 10^{-3}\,\hat{j}| = 0.4$ kg m/sec.

E-3. During a heavy rain, hailstones of average size 1.0 cm in diameter fall with an average speed of 20 m/s. Suppose 2000 hailstones strike every square meter of a 10 m × 10 m roof perpendicularly in one second and assume that the hailstones do not rebound. Calculate the average force exerted by the falling hailstones on the roof. Density of hailstones is 900 kg/m^3, take (π = 3.14)
भारी बरसात में, 1.0 सेमी० औसत व्यास के ओले, 20 मी०/सै. औसत चाल से गिरते है। मान लीजिए कि छत के 10मी० × 10 मी० क्षेत्रफल में प्रति वर्ग मीटर पर 2000 ओले प्रति सैकण्ड लम्बवत् गिरते है तथा यह मान लीजिए कि वे परावर्तित नहीं होते है। ओलों के कारण छत पर लगने वाले औसत बल की गणना कीजिए। ओलों का घनत्व 900 किग्रा०/मी०^3 है। (π = 3.14)

Ans. $\rho\left(\frac{4}{3}\pi\frac{d^3}{8}\right)vNA$ =1884 N

Sol. $Ndt = P_f - P_i$

$= (0 - mv)$

$N = 2000 \times 100 \times 900\ \pi\ \frac{4}{3} \times \left(\frac{1}{2} \times 10^{-2}\right)^3 \times 20$ $\therefore$ N = 1884N.

E-4. A ball of mass = 100 gm is released from a height h_1 = 2.5 m from the ground level and then rebounds to a height h_2 = 0.625 m. The time of contact of the ball and the ground is Δt = 0.01 sec. The impulsive (impact) force offered by the ball on the ground is ?

एक 100 gm द्रव्यमान की गेंद 2.5 मीटर ऊंचाई से छोड़ी जाती है तथा 0.625 मीटर ऊँचाई तक उछलती है। गेंद तथा धरातल का सम्पर्क समय Δt = 0.01 sec है, तो गेंद द्वारा जमीन पर लगाया गया आवेगी बल होगा।

Ans. **105 N**

Sol. $I = f \times \Delta t$ and तथा $F = \frac{m(\sqrt{2gh_2} + \sqrt{2gh_1})}{\Delta t}$

$F = \frac{100 \times 10^{-3}(\sqrt{2 \times 9.8 \times 0.625} + \sqrt{2 \times 9.8 \times 2.5})}{0.01}$ $\Rightarrow$ F = 105 N

Section (F) : Collision टक्कर

F-1. A particle moving with kinetic energy K makes a head on elastic collision with an identical particle at rest. Find the maximum elastic potential energy of the system during collision.

एक कण K गतिज ऊर्जा से चलता हुआ दूसरे समान कण के साथ सम्मुख प्रत्यास्थ टक्कर करता है जो विरामावस्था में है। टक्कर के दौरान निकाय की अधिकतम प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा है।

Ans : K/2.



Sol.

from momentum conservation संवेग संरक्षण से

$mu + 0 = (m + m)\,v \Rightarrow v = \frac{u}{2}$

from energy conservation ऊर्जा संरक्षण से

$P.E. = \frac{1}{2}mu^2 - \frac{1}{2}\ 2m\left(\frac{u}{2}\right)^2$

$\frac{1}{2}mu^2 = K$

$P.E. = \frac{K}{2}$

F-2.# Two balls shown in figure are identical. Ball A is moving towards right with a speed v and the second ball is at rest. Assume all collisions to be elastic. Show that the speeds of the balls remain unchanged after all the collisions have taken place. (Assume frictionless surface)

चित्र में दो समान गेंदें दर्शायी गयी हैं। गेंद A दांयी तरफ v वेग से चल रही है और गेंद B विरामावस्था में है। सभी टक्करों को प्रत्यास्थ मानें। यह दर्शाइयें कि सभी टक्करों के बाद गेंदो की चाल नहीं बदलती है। (घर्षणहीन पृष्ठ मानिए)



Sol.



After first collision प्रथम टक्कर के पश्चात्



After collision of B from wall B की दीवार से टक्कर के पश्चात्

$v_B = -v + 2 \times 0 = -v$

so अतः



⇒

F-3. A ball of mass m moving at a speed v makes a head on collision with an identical ball at rest. The kinetic energy of the balls after the collision is 3/4 of the original kinetic energy. Calculate the coefficient of restitution.

एक m द्रव्यमान की गेंद v वेग से चलती हुयी विरामावस्था में रखी एक दूसरी एकसमान गेंद के साथ सम्मुख टक्कर करती है। टक्कर के बाद दोनों गेंदो की कुल गतिज ऊर्जा प्रारम्भिक कुल गतिज ऊर्जा की 3/4 हो जाती है। प्रत्यावस्थान गुणांक ज्ञात करो।

Ans. $e = \frac{1}{\sqrt{2}}$

Sol.

$\frac{v_2 - v_1}{v} = e$ ....(i)

$mv_2 + mv_1 = mv$ ....(ii)

$v_2 + v_1 = v$

(i) + (ii) $2v_2 = v(e + 1)$

$v_2 = v\left(\frac{e+1}{2}\right)$

and $v_1 = \frac{v(1-e)}{2}$

$k_f = \frac{3}{4}k_i \quad \Rightarrow \quad \frac{1}{2}mV_1^2 + \frac{1}{2}mV_2^2 = \frac{1}{2}mV^2 \times \frac{3}{4}$

$v^2 \frac{(e+1)^2}{4} + \frac{(1-e)^2}{4} v^2 = \frac{3}{4} v^2$

$e = \frac{1}{\sqrt{2}}$ **Ans.**

F-4. A particle of mass m moving with a speed v hits elastically another stationary particle of mass 2m in a fixed smooth horizontal circular tube of radius r. Find the time when the next collision will take place?
r त्रिज्या की खोखली चिकनी क्षैतिज वृत्ताकार नली में m द्रव्यमान तथा v चाल से गतिशील एक कण दूसरे 2m द्रव्यमान के स्थिर कण से प्रत्यास्थ टक्कर करता है। अगली टक्कर कितने समय बाद होगी ?

Ans. $t = \frac{2\pi r}{v}$

Sol. Particle B is a rest कण B स्थिर है

$mv + 0 = mv_1 + 2mv_2$

$\therefore v = v_1 + 2v_2$ .....(i)

$\frac{v_2 - v_1}{v + 0} = 1$



$\Rightarrow v_2 - v_1 = v$ .....(ii)

Adding (i) + (ii) योग करने पर

$3v_2 = 2v$

$\therefore v_2 = \frac{2}{3}v \qquad v_1 = v_2 - v = \frac{-v}{3}$

Now अब, (iii) + (iv)

$t = \frac{2\pi r}{v_2 - v_1} = \frac{2\pi r}{\frac{2v}{3} + \frac{v}{3}} \qquad t = \frac{2\pi r}{v}$ **Ans.**

F-5. A block of mass 1 kg moving at a speed of 2.5 m/s collides with another block of mass 0.5 kg. If both the blocks come to rest after collision what was the velocity of the 0.5 kg block before the collision?
1 kg द्रव्यमान का ब्लॉक 2.5 मी०/सै. चाल से गतिशील है, ओर यह 0.5 किग्रा० द्रव्यमान के अन्य ब्लॉक से टकराता है। यदि टक्कर के बाद दोनो ब्लॉक स्थिर हो जाये तो टक्कर से पहले 0.5 किग्रा० के ब्लॉक का वेग क्या था।

Ans. 5 m/s opposite to the direction of motion of the first ball.
प्रथम गेंद की गति के विपरीत दिशा में 5 m/s

Sol From momentum conservation संवेग सरक्षण से

i.e. $0.5 \times v + 1 \times 2.5 = 0$

5 m/s opposite to the direction of motion of the first ball.
5 m/s प्रथम गेंद की गति की दिशा के विपरीत

F-6. A 3kg block 'A ' moving with 4 m/sec on a smooth table collides inelastically and head on with an 8kg block 'B' moving with speed 1.5 m/sec towards 'A '. Given e = 1/2
चिकने मेज पर 4 m/sec वेग से चलता हुआ एक 3kg द्रव्यमान का ब्लॉक 'A ' , 1.5 m/sec वेग से विपरीत दिशा में A की ओर गतिशील 8kg द्रव्यमान के ब्लॉक के साथ सम्मुख अप्रत्यास्थ टक्कर करता है। दिया है : e = 1/2

(a) What is final velocities of both the blocks
दोनों ब्लॉक का अन्तिम वेग क्या है ?

(b) Find out the impulse of reformation and deformation
सरूपण तथा विरूपण का आवेग ज्ञात करो।

(c) Find out the maximum potential energy of deformation
विरूपण की अधिकतम स्थितिज ऊर्जा ज्ञात करो।

(d) Find out loss in kinetic energy of system.
निकाय की गतिज ऊर्जा में हानि ज्ञात करो।

Ans. (a) $V_A = +2m/s,\ V_B = +\frac{3}{4}m/s$, (b) 6Ns, 12 Ns, (c) 33J (d) $\frac{99}{4}J$

Sol. using momentum conservation संवेग संरक्षण से



$e = \frac{1}{2}$

$3 \times 4 - 8 \times 1.5 = 3V_1 + 8V_2$

$12 - 12 = 3V_1 + 8V_2 \quad \therefore \quad 3V_1 + 8V_2 = 0$ ....(1)

coffecient of restitution प्रत्यावस्थान गुणांक $\frac{V_2 - V_1}{4 + 1.5} = \frac{1}{2}$ ....(2)

$V_2 - V_1 = \frac{5.5}{2}$ ....(2)

reat in (i) $3 \times v_1 + 8\left(\frac{5.5}{2} + V_1\right) = 0$

$3 \times v_1 + 22 + 8 \times v_1 = 0 \quad \therefore \quad V_1 = -\frac{22}{11} = -2$ m/sec

$\therefore \quad V_2 = -\frac{3}{8}V_1 = -\frac{3}{8} \times (-2) = \frac{3}{4}$ m/sec

(b) applying momentum conservation eqn. संवेग सरंक्षण से

$m_1V_1 + m_2V_2 = (m_1 + m_2)V \quad \therefore \quad V = 0$ so

$|P_D| = |m_1(\bar{V} - V_1)| = |m_1V_1| = 3 \times 4 = 12$ Ns

$|J_R| = |e.J_D| = 6$ Ns

(c) $P.E = \frac{1}{2}mv_1^2 + \frac{1}{2}m_2v_2^2 - \frac{1}{2}(m_1 + m_2)V^2.$

$= \frac{1}{2} \times 3 \times 4^2 + \frac{1}{2} \times 8 \times (1.5)^2 - 0 = 33$ J

(d) $\Delta K = Ki - K_f = 33 - \left[\frac{1}{2} \times 3 \times (2)^2 + \frac{1}{2} \times 8 \times \left(\frac{3}{4}\right)^2\right] = \frac{99}{4}$ J

Section (G) : Variable mass परिवर्तनशील द्रव्यमान

G-1. A rocket of mass m = 20 kg has M = 180kg fuel. The uniform exhaust velocity of the fuel is v_r = 1.6 km/s.
(i) Calculate the minimum rate of consumption of fuel so that the rocket may rise from the ground.
(ii) Also calculate the maximum vertical speed gained by the rocket when the rate of consumption of fuel
μ is ($g = 10\ m/s^2$) & ($\ell n\ 10 = 2.30$)
(a) 2 kg/s (b) 20 kg/s

एक m = 20 kg द्रव्यमान के रॉकेट में M = 180kg ईंधन है। ईंधन का निष्क्रमण वेग (exhaust velocity) v_r = 1.6 km/s नियत है। (i) ईंधन के जलने की न्यूनतम दर ज्ञात करो ताकि रॉकेट धरातल सतह से उठ सकें। (ii) रॉकेट द्वारा प्राप्त अधिकतम ऊर्ध्वाधर वेग ज्ञात करिये, यदि रॉकेट के ईंधन के जलने की दर μ है।

($g = 10\ m/s^2$ & $\ell n\ 10 = 2.30$)
(a) 2 kg/s (b) 20 kg/s

Ans. (i) $\frac{(m+M)g}{v_r} = 1.25$ kg/s, (ii) $v = v_r\ \ell n\left(\frac{m+M}{m}\right) - g\left(\frac{M}{\mu}\right)$ (a) 2.8 km/s, (b) 3.6 km/s.

Sol. $m_0 = 20$ kg ; $m = 180$ kg.

$-F_{th} = (m + M)g = 2\times10^3$ N

$-F_{th} = v_r \dfrac{dm}{dt}$

So अतः $\dfrac{dm}{dt} = \dfrac{2000}{1.6\times10^3} = 1.25$ kg/s. **Ans.**

$v = v_r \ell n \left(\dfrac{m_0}{m}\right) - gt.$

(i) $t_1 = \dfrac{m}{(dm/dt)} = \dfrac{180}{2} = 90$ s.

$\therefore v_1 = 1600 \ell_n\left(\dfrac{200}{20}\right) - 10 \times 90$

$v_1 = 2.784$ km/s. **Ans.**

(ii) $t_2 = \dfrac{M}{(dm/dt)} = \dfrac{180}{20} = 9$s.

$v_2 = 1600 \ell_n \left(\dfrac{200}{20}\right) - 10 \times 9$

$v_2 = 3.59$ km/s. **Ans.**

G-2. Sand drops from a stationary hopper at the rate of 5 kg/s falling on a conveyor belt moving with a constant speed of 2 m/s. What is the force required to keep the belt moving and what is the power delivered by the motor moving the belt?
एक स्थिर हुपर से एक कनवेयर बेल्ट जो 2 m/s की नियत चाल से चल रही है पर 5 kg/s की दर से रेत गिरायी जाती है। बेल्ट को चलाऐ रखने के लिए कितने बल की आवश्यकता है और मोटर द्वारा बेल्ट को दी गयी शक्ति कितनी है ?

Ans. $F_{ext} = 10$N; $P = 20$ watt.

Sol. $F = \mu \dfrac{dm}{dt} = 2\times5 = 10$ N **Ans.**

$P = F.v. = 10\times2 = 20$ W **Ans.**

PART - II : ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE

भाग - II : केवल एक सही विकल्प प्रकार (ONLY ONE OPTION CORRECT TYPE)

Section (A) : Calculation OF centre of mass द्रव्यमान केन्द्र की गणना

A-1. The centre of mass of a body :
वस्तु का द्रव्यमान केन्द्र :
(A) Lies always at the geometrical centre (हमेशा ज्यामिती केन्द्र पर स्थित होता हैं।)
(B) Lies always inside the body (हमेशा वस्तु के अन्दर होता है)
(C) Lies always outside the body (हमेशा वस्तु के बाहर होता है)
(D*) Lies within or outside the body (वस्तु के अन्दर या बाहर होता है।)

A-2. Three point particles of masses 1.0 kg, 1.5 kg and 2.5 kg are placed at three corners of a right angle triangle of sides 4.0 cm, 3.0 cm and 5.0 cm as shown in the figure. The center of mass of the system is at a point :



(A) 0.6 cm right and 2.0 cm above 1kg mass
(B) 2.0 cm right and 0.9 cm above 1 kg mass
(C) 0.9 cm right and 2.0 cm above 1kg mass
(D) 1.5 cm right and 1.2 cm above 1kg mass

एक समकोण त्रिभुज जिसकी तीन भुजाएँ 4.0 cm, 3.0 cm और 5.0 cm लम्बी है, के कोनों पर 1.0 kg, 1.5 kg और 2.5 kg द्रव्यमान के तीन कण रखे हुए हैं (चित्र देखें) इस निकाय का संहति केन्द्र जिस बिन्दु पर है वह :



(A) 1 kg द्रव्यमान के 0.6 cm दाँयी ओर और 2.0 cm ऊपर की ओर है।

(B) 1 kg द्रव्यमान के 2.0 cm दाँयी ओर और 0.9 cm ऊपर की ओर है।

(C) 1 kg द्रव्यमान के 0.9 cm दाँयी ओर और 2.0 cm ऊपर की ओर है।

(D) 1 kg द्रव्यमान के 1.5 cm दाँयी ओर और 1.2 cm ऊपर की ओर है।

Ans. **(3)**

Sol. Take 1kg mass at origin

1 kg द्रव्यमान को मूल बिन्दु लेने पर



$$X_{cm} = \frac{1\times 0 + 1.5\times 3 + 2.5\times 0}{5} = 0.9\text{cm}$$

$$Y_{cm} = \frac{1\times 0 + 1.5\times 0 + 2.5\times 4}{5} = 2\text{cm}$$

A-3. **#** A uniform solid cone of height 40 cm is shown in figure. The distance of centre of mass of the cone from point B (centre of the base) is :
एक समान ठोस शंकु जिसकी ऊँचाई 40 सेमी. है, चित्रानुसार दिखाया गया है। बिन्दु B से शंकू के द्रव्यमान केन्द्र की दूरी (आधार के केन्द्र से) होगी –



(A) 20 cm (B) 10/3 cm (C) 20/3 cm (D*) 10 cm

A-4. A thin uniform wire is bent to form the two equal sides AB and AC of triangle ABC, where AB = AC = 5 cm. The third side BC, of length 6cm, is made from uniform wire of twice the linear mass density of the first. The distance of centre of mass from A is :
एक पतले एक समान तार से त्रिभुज ABC की दो बराबर भुजाऐं AB तथा AC बनाई जाती है। जहाँ AB = AC = 5 cm है व तीसरी भुजा BC जिसकी लम्बाई 6cm है, एक समान तार से जिसका रेखीय द्रव्यमान घनत्व पहले तार का दुगुना है, से बनी है। A से द्रव्यमान केन्द्र की दूरी होगी।

(A*) $\frac{34}{11}$ cm (B) $\frac{11}{34}$ cm (C) $\frac{34}{9}$ cm (D) $\frac{11}{45}$ cm

Sol.



$y_{cm} = \frac{0\times(2\rho)+2\times5\rho\times2}{2(\rho)6+2\times5\times\rho} = \frac{10}{11}$ Distance from A = $(4 - \frac{10}{11} = \frac{34}{11})$

A से दूरी $= (4 - \frac{10}{11} = \frac{34}{11})$

A-5. The centre of mass of a system of particles is at the origin. From this we conclude that
(A) The number of particles on positive x-axis is equal to the number of particles on negative x-axis
(B) The total mass of the particles on positive x-axis is same as the total mass on negative x-axis
(C*) The number of particles on X-axis may be equal to the number of particles on Y-axis.
(D) If there is a particle on the positive X-axis, there must be at least one particle on the negative X-axis.
किसी कण–निकाय का द्रव्यमान केन्द्र मूल बिन्दु पर है। इसका अभिप्राय है, कि –
(A) धनात्मक x–अक्ष पर कणों की संख्या, ऋणात्मक x–अक्ष पर कणों की संख्या के बराबर होगी।
(B) धनात्मक x–अक्ष पर कणों का कुल द्रव्यमान, ऋणात्मक x–अक्ष पर कणों के कुल द्रव्यमान के बराबर होगा।
(C*) x–अक्ष पर कणों की कुल संख्या, Y–अक्ष पर कणों की कुल संख्या के बराबर हो सकती है।
(D) यदि धनात्मक x–अक्ष पर कोई कण होगा तो कम से कम एक कण ऋणात्मक x–अक्ष पर अवश्य होगा।

A-6. All the particles of a system are situated at a distance r from the origin. The distance of the centre of mass of the system from the origin is
किसी निकाय के समस्त कण मूल बिन्दु से r दूरी पर स्थित है। निकाय के द्रव्यमान केन्द्र की मूल बिन्दु से दूरी होगी।
(A) = r (B*) ≤ r (C) > r (D) ≥ r

Sol. COM can lie anywhere, within or at the radius r.
द्रव्यमान केन्द्र कही पर भी स्थित हो सकता है, r त्रिज्या के अन्दर या त्रिज्या पर

A-7.# A semicircular portion of radius 'r' is cut from a uniform rectangular plate as shown in figure. The distance of centre of mass 'C' of remaining plate, from point 'O' is :
एक अर्द्धवृतीय भाग जिसकी त्रिज्या r है को चित्रानुसार एक एकसमान आयताकार प्लेट से काटा गया है। बिन्दु O से बची हुई प्लेट के द्रव्यमान केन्द्र 'C' की दूरी होगी।



(A) $\frac{2r}{(3-\pi)}$ (B) $\frac{3r}{2(4-\pi)}$ (C) $\frac{2r}{(4+\pi)}$ (D*) $\frac{2r}{3(4-\pi)}$

Sol. $A_1 = 2r \times r = 2r^2$

$A_2 = \frac{\pi r^2}{2}$

$x_1 = \frac{r}{2}$ $x_2 = \frac{4r}{3\pi}$

$$x_{cm} = \frac{2r^2 \times \frac{r}{2} - \frac{\pi r^2}{2} \times \frac{4r}{3\pi}}{2r^2 - \frac{\pi r^2}{2}}$$

$$= \frac{r^3\left[1-\frac{2}{3}\right]}{r^2\left[\frac{4-\pi}{2}\right]} = \frac{2r}{3[4-\pi]}$$

Section (B) : Motion of centre of mass द्रव्यमान केन्द्र की गति

B-1. Two particles of mass 1 kg and 0.5 kg are moving in the same direction with speed of 2m/s and 6m/s respectively on a smooth horizontal surface. The speed of centre of mass of the system is :
1 kg तथा 0.5 kg के दो द्रव्यमान एक ही दिशा में क्रमशः 2 m/sec तथा 6 m/sec से चिकने सतह पर गति कर रहे है। निकाय के द्रव्यमान केन्द्र की चाल होगी।

(A*) $\frac{10}{3}$ m/s (B) $\frac{10}{7}$ m/s (C) $\frac{11}{2}$ m/s (D) $\frac{12}{3}$ m/s

Sol. $v_{cm} = \frac{1\times 2 + \frac{1}{2}\times 6}{1+1/2} = \frac{10}{3} m/sec$

B-2. Two particles of equal mass have initial velocities $2\hat{i}$ ms^{-1} and $2\hat{j}$ ms^{-1} . First particle has a constant acceleration $(\hat{i}+\hat{j})$ ms^{-2} while the acceleration of the second particle is always zero. The centre of mass of the two particles moves in
समान द्रव्यमान के दो कण के प्रारम्भिक वेग क्रमशः $2\hat{i}$ ms^{-1} व $2\hat{j}$ ms^{-1} है। प्रथम कण का नियत त्वरण $(\hat{i}+\hat{j})$ ms^{-2} है जबकि दूसरे का त्वरण सदैव शून्य है। दोनो कणों का द्रव्यमान केन्द्र निम्न वक्र पर गति करेगा।

(A) Circle वृत्त (B) Parabola परवलय
(C) Ellipse दीर्घवृत्त (D*) Straight line सरल रेखा

Sol. $v_{cm} = \dfrac{m_1v_1 + m_2v_2}{m_1 + m_2}$

$\therefore v_{cm} = \dfrac{m(2\hat{i}) + m(2\hat{j})}{2m}$ $a_{cm} = \dfrac{m(i+j) + m(0)}{2m}$

v_{cm} has same direction as of a_{cm}
V_{cm} की दिशा a_{cm} की दिशा में होगी $\therefore$ straight line. सीधी रेखा

B-3. Two particles having mass ratio n : 1 are interconnected by a light inextensible string that passes over a smooth pulley. If the system is released, then the acceleration of the centre of mass of the system is :
दो कण जिनके द्रव्यमान का अनुपात n : 1 है, वे एक हल्की अवितान्य रस्सी से जुड़े हुए हैं जो चिकनी घिरनी से गुजरती है। अगर निकाय को छोड़ दिया जाता है तो समूह के द्रव्यमान केन्द्र का त्वरण होगा।

(A) $(n-1)^2 g$ (B) $\left(\dfrac{n+1}{n-1}\right)^2 g$ (C*) $\left(\dfrac{n-1}{n+1}\right)^2 g$ (D) $\left(\dfrac{n+1}{n-1}\right) g$

Sol. $a = \dfrac{(nm-m)}{nm+m} g = \dfrac{(n-1)}{(n+1)} g$

$a_1 = a_2 = a$

$a_{cm} = \dfrac{nma_1 - ma_2}{(nm+m)} = \dfrac{(n-1)}{(n+1)} \times a$

$a_{cm} = \dfrac{(n-1)^2}{(n+1)^2} g$



B-4. A bomb travelling in a parabolic path under the effect of gravity, explodes in mid air. The centre of mass of fragments will:
एक बम गुरूत्वीय प्रभाव में परवलय पथ पर गति करता हुआ बीच हवा में विस्फोटित हो जाता है। टुकड़ो का द्रव्यमान केन्द्र

(A) Move vertically upwards and then downwards
पहले सीधे ऊपर की ओर फिर नीचे की ओर गति करेगा
(B) Move vertically downwards
सीधे नीचे की ओर गति करेगा।
(C) Move in irregular path
असमान पथ पर गति करेगा।
(D*) Move in the parabolic path which the unexploded bomb would have travelled.
उस परवलय पथ पर गति करेगा जिस पर अविस्फोटिक बम गति कर रहा था।

B-5. If a ball is thrown upwards from the surface of earth then initially (assuming that there is no external force on the system):
अगर पृथ्वी की सतह से एक गेंद ऊपर की ओर फेंकी जाती है, तो प्रारम्भ में (यह मानते हुए कि निकाय पर बाहर से कोई बल नहीं है)

(A) The earth remains stationary while the ball moves upwards
पृथ्वी स्थिर रहती है, जबकि गेंद ऊपर की ओर गति करती है।

(B) The ball remains stationary while the earth moves downwards
गेंद स्थिर रहती है जबकि पृथ्वी नीचे की ओर गति करती है

(C) The ball and earth both move towards each other
गेंद तथा पृथ्वी दोनों एक दूसरे की और गति करते है।

(D*) The ball and earth both move away from each other
गेंद तथा पृथ्वी दोनों एक दूसरे से दूर गति करते है।

B-6. Internal forces in a system can change
(A) Linear momentum only
(B*) Kinetic energy only
(C) Both kinetic energy and linear momentum
(D) Neither the linear momentum nor the kinetic energy of the system.
निकाय में आन्तरिक बल परिवर्तित कर सकते हैं –

(A) केवल रैखिक संवेग (B) केवल गतिज ऊर्जा
(C) रैखिक संवेग व साथ ही गतिज ऊर्जा भी (D) निकाय का न तो रैखिक संवेग, न ही गतिज ऊर्जा

B-7. Two balls of different masses are thrown in air with different velocities. While they are in air acceleration of centre of mass of the system. (neglect air resistance)
(A) Depends on the direction of the motion of two balls
(B) Depends on the masses of the two balls
(C) Depends on the magnitude of velocities of the two balls
(D*) Is equal to g
दो भिन्न द्रव्यमानो की गेंदे हवा में विभिन्न वेग से फेकी जाती है। जब ये हवा में है, तो निकाय के द्रव्यमान केन्द्र का त्वरण (वायु प्रतिरोध नगण्य मानते हुये)

(A) दोनो गेंदो की गति की दिशा पर निर्भर करता है। (B) दोनों गेंदो के द्रव्यमानों पर निर्भर करता है।
(C) दोनों गेंदों की वेगों के परिमाण पर निर्भर करता है। (D) g के बराबर है।

B-8. There are two particles of same mass. If one of the particles is at rest always and the other has an acceleration $\vec{a}$. Acceleration of centre of mass is
दो समान द्रव्यमान के कणों के निकाय पर विचार कीजिए। एक कण सदैव स्थिर है तथा दूसरे कण का त्वरण $\vec{a}$ है। द्रव्यमान केन्द्र का त्वरण होगाः

(A) zero शून्य (B*) $\frac{1}{2}\vec{a}$ (C) $\vec{a}$

(D) centre of mass for such a system can not be defined.
इस प्रकार के निकाय का द्रव्यमान केन्द्र परिभाषित नही किया जा सकता

Sol. $\vec{a}_{cm} = \frac{m_1\vec{a}_1 + m_2\vec{a}_2}{m_1 + m_2} = \frac{m\,0 + m\vec{a}}{(m + m)} = \frac{\vec{a}}{2}$

given दिया हुआ है $m_1 = m_2 = m$ $\vec{a}_1 = 0$

$\vec{a}_2 = \vec{a}$

Section (C) : Conservation of linear momentum रेखीय संवेग संरक्षण

C-1. Two particles A and B initially at rest move towards each other under a mutual force of attraction. The speed of centre of mass at the instant when the speed of A is v and the speed of B is 2v is **[JEE - 89]**
प्रारम्भ में स्थिर दो कण A व B परस्पर आकर्षण बल से एक दूसरे की ओर गति करते है। जब A की चाल v व B की चाल 2v है तो उस क्षण पर द्रव्यमान केन्द्र की चाल होगी ?
(A) v (B*) Zero शून्य (C) 2v (D) 3v/2

C-2. If the KE of a particle becomes four times of its initial value, then the new momentum will be more than its initial momentum by
अगर किसी कण की गतिज ऊर्जा प्रारम्भिक से चार गुनी हो जाती है तो नया संवेग प्रारम्भिक संवेग से कितना ज्यादा होगा।
(A) 50% (B*) 100% (C) 125% (D) 150%

C-3. A particle of mass 4m which is at rest explodes into three fragments. Two of the fragments each of mass m are found to move with a speed 'v' each in mutually perpendicular directions. The minimum energy released in the process of explosion is
4m द्रव्यमान का एक कण विरामावस्था मे है। यह तीन भागों में विस्फोटित होता है। दो भाग जिनके द्रव्यमान m है एक दूसरे के लम्बवत् दिशाओं में 'v' चाल से चलते है, विस्फोट से होने वाली न्यूनतम मुक्त ऊर्जा का मान होगा :
(A) $(2/3)\ mv^2$ (B*) $(3/2)\ mv^2$ (C) $(4/3)\ mv^2$ (D) $(3/4)\ mv^2$

Sol. $mv\hat{i} + mv\hat{j} + 2m\vec{v}_3 = 0$

$$\vec{v}_3 = -\frac{(v\hat{i}+v\hat{j})}{2} = -\frac{v}{2}(\hat{i}+\hat{j}) = -\frac{v}{\sqrt{2}}$$

$$k_f = \frac{1}{2}mv^2 + \frac{1}{2}mv^2 + \frac{1}{2}2m\frac{v^2}{2}$$

$$k_f = \frac{3mv^2}{2}$$

C-4. A 500 kg boat has an initial speed of 10 ms^{-1} as it passes under a bridge. At that instant a 50 kg man jumps straight down into the boat from the bridge. The speed of the boat after the man and boat attaing a common speed is
500 किग्रा की नाव की प्रारम्भिक चाल 10 ms^{-1} है जब यह एक ब्रिज के नीचे से गुजरती है। उसी समय 50 किग्रा का एक आदमी ब्रिज से नाव में सीधे कूदता है। नाव व आदमी उभयनिष्ट चाल प्राप्त कर लेते है, तब नाव की चाल क्या होगी
(A*) $\frac{100}{11}\ ms^{-1}$ (B) $\frac{10}{11}\ ms^{-1}$ (C) $\frac{50}{11}\ ms^{-1}$ (D) $\frac{5}{11}\ ms^{-1}$

Sol. $500 \times 10 = 550 \times v$

$$v = \frac{500}{55} = \frac{100}{11} m/s$$

C-5. The spacecraft of mass M moves with velocity V in free space at first, then it explodes breaking into two pieces. If after explosion a piece of mass m comes to rest, the other piece of space craft will have a velocity:
प्रारम्भ में M द्रव्यमान का अन्तरिक्षयान v वेग से मुक्त आकाश में गति कर रहा है तब यह दो भागों में टूट जाता है। अगर विखण्डन के बाद द्रव्यमान m का एक भाग स्थिर हो जाता है तो दूसरे भाग का वेग होगा।
(A*) MV/(M – m) (B) MV/(M + m) (C) mV/(M – m) (D) mV/(M + m)

Sol. $M\vec{v} = m.\ 0 + (M-m)\ \vec{v}'$

$$\vec{v}' = \frac{M\vec{v}}{(M-m)}$$

C-6. A particle of mass m is moving along the x-axis with speed v when it collides with a particle of mass 2m initially at rest. After the collision, the first particle has come to rest, and the second particle has split into two equal-mass pieces that are shown in the figure. Which of the following statements correctly describes the speeds of the two pieces ? ($\theta > 0$)

m द्रव्यमान का एक कण चाल v से x-अक्ष के अनुदिश गति करते हुये विराम पर स्थित 2m द्रव्यमान के कण से टकराता हे। टक्कर के बाद, पहला कण विराम में आ जाता है और दूसरा कण दो बराबर द्रव्यमान के दो भागों में बट जाता है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है। निम्न में से कौन सा कथन दो भागों की चालों का सही वर्णन करता है ? ($\theta > 0$)



Before collision After collision टक्कर से पहले टक्कर के बाद

(A) Each piece moves with speed v.
(B) Each piece moves with speed v/2.
(C) One of the pieces moves with speed v/2, the other moves with speed greater than v/2
(D*) Each piece moves with speed greater than v/2.

(A) प्रत्येक भाग चाल v से गति करता है।
